मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-25
11/01/2021

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधान पार्षद स्व0 कपिलदेव प्रसाद सिंह के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी

पटना, 11 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के गिरियक प्रखंड स्थित पोखरपुर ग्राम निवासी पूर्व विधान पार्षद स्व0 कपिलदेव प्रसाद सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीला देवी, पुत्र श्री संजय सिंह, श्री पंकज कुमार एवं डॉ0 शशिकांत सहित पुत्रवधु एवं अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया।

इस अवसर पर सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, पूर्व मंत्री–सह–विधायक श्री श्रवण कुमार, विधायक डॉ० सुनील कुमार, पूर्व विधायक ई० सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र श्री संजय सिंह, जिलाधिकारी नालंदा श्री योगेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री हरि प्रसाथ एस० सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******